आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री ने गोवा और कारवार में आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के साथ दीपावली मनाई, कहा –आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का प्रतीक।
2. प्रकाश पर्व, दीपावली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
3. पर्यटन विभाग द्वारा द्वीप पर्यटन उत्सव–2025 का आयोजन किया जाएगा।
4. डीब्रेट के सम्मेलन कक्ष में चुनावी साक्षरता क्लब पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री ने आज गोवा और कारवार में आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के साथ दीपावली मनाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, भारत के सशस्त्र बलों की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है; यह 21वीं सदी के भारत की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रांत आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का विशाल प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत का रक्षा उत्पादन तीन गुना बढ़कर डेढ़ लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हमारा डिफेंस प्रोडक्शन तीन गुना से ज्यादा हो गया है। पिछले साल तक यह रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड रुपए से अधिक पहुंच गया है। 2014 से अब तक भारतीय शिपयार्ड से नौसेना को 40 से ज्यादा स्वदेशी युद्ध पोत और पनडुब्बियों मिले हैं।

<><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से स्वास्थ्य प्रणालियों में एआई के प्रभावशाली और व्यापक अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालने वाली सामग्री के लिए वैश्विक आह्वान की घोषणा की है। मंत्रालय ने कहा है कि चयनित प्रविष्टियों को वैश्विक दक्षिण में एआई स्वास्थ्य उपयोग मामलों पर केसबुक में एक अध्याय लिखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि यह केसबुक नीति निर्माताओं, नवप्रवर्तकों और शोधकर्ताओं के लिए व्यापक संदर्भ के रूप में काम करेगी जो सफलतापूर्वक कार्यान्वित एआई समाधानों को दोहराने और उनका विस्तार करने के इच्छुक हैं। मंत्रालय ने कहा है कि शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और संस्थानों को इस महीने की 31 तारीख तक सारांश प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><>

प्रकाश का पर्व दीपोत्सव आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दीपावली पर मंदिरों, घरों और सार्वजनिक स्थानों को दीपों तथा रंगीन रोशनियों से सजाया गया है।

<><><><><><>

सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय ने समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के शैक्षिक स”ाक्तिकरण और सामाजिक आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति नामक योजना की शुरूआत की है। यह योजना अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक समुदायों के निम्न आय वर्ग के छात्रों को मास्टर या पी एच डिग्री के लिए विदे”ाों में शीर्ष वि”वविद्यालय रैंकिंग संस्थानों में उच्च ि”ाक्षा प्राप्त करने के लिए अवसर प्रादान करेगा। इच्छुक उम्मीदवार चौबीस अक्टूबर तक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन जमा कर सकते है।

<><><><><><>

द्वीप समूह की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से द्वीप पर्यटन उत्सव–2025 के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सत्ताईस से इक्कतीस दिसंबर तक चौदह स्थानों पर होंगे, जिनमें प्रद”ानी मैदान, मरीना पार्क, वंडूर, विम्बर्लीगंज, शहीद द्वीप, स्वराज द्वीप, हटबे, बाराटांग, रंगत, मायाबंदर, डिगलीपुर, कैंपबेल बे, ननकौड़ी और निकोबार शामिल हैं। इस सिलसिले में इच्छुक सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन चौदह नवम्बर शाम चार बजे तक सेल्यूलर जेल परिसर स्थित कला एवं संस्कृति निदे”ाालय के पास सीधे या मेल के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

<><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से कल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस, पूरे वि”व के साथ द्वीप समूह में भी मनाया जाएगा। यह दिन राष्ट्रीय और वैश्विक पहलों के माध्यम से आयोडीन अल्पता विकारों की रोकथाम में हुई प्रगति की याद दिलाता है। इसका उद्देश्य अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में आयोडीन की आवश्यक भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आयोडीन अल्पता के परिणामों पर जोर देना है। द्वीप समूह के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आयोडीन अल्पता विकारों के बारे में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। द्वीपों में आईडीडी के लिए कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिनमें मुख्य रूप से आईईसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम द्वारा नमक परीक्षण किट के

माध्यम से नमक का स्थान परीक्षण और घरों, दुकानों और आंगनवाड़ी केंद्रों से नियमित रूप से नमक एकत्र किया जाएगा। स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, आउटरीच शिविरों के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

<><><><><><>

डीब्रेट के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो द्वारा संस्थान के सम्मेलन कक्ष में चुनावी साक्षरता क्लब पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्दे”य छात्रों को चुनावी साक्षरता, मतदाता जागरूकता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुथु कुमारन ई ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने चुनावी साक्षरता क्लब के उद्दे”यों और लोकतंत्र को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका पर प्रका”ा डाला। डीब्रेट की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. सनमुख कौर ने भी छात्रों को जिम्मेदार और जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

औद्योगिक प्र”िक्षण संस्थान डॉलीगंज, बकुलतला और एरोंग में अनुसूचित जनजाति श्रेणी एक के अंतर्गत सीधे भर्ती की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार जिन्होंने कॉमन कॉलेज एडमि”ान पोर्टल के माध्यम से आवेदन नहीं किया है उन्हें भी सत्यापन के लिए बाईस अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थति रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए द्वीप समूह के छात्रों के लिए मुख्यभूमि संस्थान में आरक्षित जनरल नर्सिंग और मिडवाइफ्री प्र”िक्षण पाठ्यक्रम की रिक्त पांच सीटों की आबंटन के लिए पराम”ी चौबीस अक्टूबर को सुबह दस बजे सचिवालय स्थित उप सचिव के कक्ष में आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों से अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

खेल विभाग की ओर से पुरुषों और महिलाओं के लिए पच्चीस अक्टूबर को ओपन रोड रेस” प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पुरूषों के लिए यह रेस 10 और महिलाओं 5 किलोमीटर तय किया गया है। इस प्रतियोगिता में स्कूली छात्र, कॉलेज के विद्यार्थी और आम जनता सीधे भाग ले सकते हैं। दौड़ सुबह साढ़े पांच बजे शुरू होगी।

<><><><><><>

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत शिक्षक के पद के लिए साक्षात्कार तेईस अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शिक्षा सदन में आयोजित किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच बाईस अक्टूबर को सुबह 9 बजे से समाज कल्याण निदेशालय में आयोजित की जाएगी। अनुबंध के आधार पर शिक्षक के पद के लिए उम्मीदवारों की सूची विभाग की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

जवाहर नवोदया विद्यालय पंचवटी में कक्षा नवीं और ग्यारहवीं में दो हजार छब्बीस–सत्ताई सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तेईस अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है।

<><><><><><>